>

Title: Need to reinstate the road near railway line crossing through Rakhyad village in Ahmedabad Parliamentary Constituency. *

श्री हँसमुखभाई सोमभाई पटेल (अहमदाबाद पूर्व): माननीय अध्यक्ष जी, मुझे मौका देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद । हिन्दुस्तान के इस सर्वोच्च और सम्मानित सभा गृह में पहली बार मुझे बोलने का अवसर मिला है, इसके लिए मैं आनन्द और गौरव की अनुभूति प्राप्त करता हूं । यह गौरव प्रदान करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष, आदरणीय श्री अमित शाह जी और देश के सर्वाधिक लोकप्रिय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी और मेरे संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं का आभार प्रकट करता हूं और इस जिम्मेदारी को स्वीकार करता हूं ।

माननीय अध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र के रख्याल गांव के पास से एक रेलवे लाइन गुजर रही है । रख्याल गांव में एक रोड था जो करीब 20-25 गांवों को कनेक्ट करता था । थोड़े समय पहले रेलवे वालों ने रोड को तोड़ दिया, क्योंकि कोई लैंडफिल का काम हो रहा था । हालांकि रोड रेलवे लाइन के क्षेत्र में है, लेकिन 20 से 25 गांवों को वह कनेक्ट करता है । मैं आपके माध्यम से आदरणीय रेल मंत्री जी से विनती करता हूं कि रोड को पुन:स्थापित किया जाए जिससे 20-25 गांवों को रोड कनेक्टिविटी मिले ।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और डॉ. किरीट पी. सोलंकी को श्री हँसमुखभाई सोमभाई पटेल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।